देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 301 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
बॉन्ड की हकीकत



देहरादून, बुधवार, 13 मार्च 2024

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 11.0°

74119.39

2 हथियार बेचकर मालामाल हो रहा तुर्की
7 भारत ने हमें दबाव में ला दिया

# पोकरण में दुनिया ने देखी 'भारत शक्ति': पीएम

## तोपों, टैंकों, लड़ाकू जहाजों की गर्जना से गूंजा पोखरण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पोखरण। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को तीन सेनाओं के सयुंक्त भारत शक्ति अभ्यास देखने के लिए राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में पहुंचे। तीनों सेनाओं में स्वदेशी रूप से निर्मित रक्षा उपकरणों की शक्ति का प्रदर्शन किया गया।

भारत शक्ति युद्धाभ्यास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जो दृश्य हमने देखा, हमारी तीनों सेनाओं का शौर्य अद्भुत है, आकाश में ये दहाड़, ये जमीन पर युद्ध, चारों ओर गूंजती विजय की पुकार, यह नए भारत की पुकार है। यही पोखरण है, जो भारत की परमाणु शक्ति का साक्षी रहा है, और यहीं पर हम आज स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण का दम देख रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी तोपें, टैंकों, लड़ाकू जहाजों, हेलिकॉप्टर, मिसाइल सिस्सम, ये जो गर्जना आप देख रहे हैं। यही तो भारत शक्ति है। हथियार, और गोला बारुद, संचार उपकरण, सायबर और स्पेस तक हम मेड इन इंडिया की उड़ान का अनुभव कर रहे हैं। यही तो भारत शक्ति है।


पीएम मोदी ने कहा कि बाते 10 वर्षों में हमने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक के बाद एक बड़े कदम उठाए हैं। हमने नीति-विषयक सुधार किए, रिफॉर्म्स किए, हमने प्राइवेट सेक्टर को इससे जोड़ा, हमने MSME स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित किया। बीते 10 वर्षों में भारत ने अपना लड़ाकू हवाई जहाज बनाया है। भारत ने अपना एयरक्राफ्ट कैरियर बनाया है, 295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट भारत में बनाए जा रहे हैं। आधुनिक इंजन का निर्माण भी भारत में होने वाला है। आज देश में उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस कॉरीडोर बन रहे हैं। इनमें अब तक 7 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश हुआ है। आज हेलीकॉप्टर बनाने वाली एशिया की सबसे बड़ी फैक्टरी भारत में काम करना शुरू कर चुकी है।

पोखरण से पीएम मोदी ने कहा कि भारत शक्ति का ये उत्सव शौर्य की भूमि राजस्थान में हो रहा है। लेकिन इसकी गूंज सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की कल्पना, आत्मनिर्भर भारत के बिना संभव नहीं है। भारत को विकसित होना है, तो हमें दूसरों पर अपनी निर्भरता को कम करना ही होगा। इसलिए हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दे रहा है।

### आने वाले है बड़े बदलाव

पीएम मोदी ने बड़े संकेत देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में जब हम दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेंगे, तो भारत का सैन्य सामर्थ्य भी नई बुलंदी पर होगा। भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। विकसित राजस्थान, विकसित सेना को भी उतनी ही ताकत देगा।

### डिफेंस एक्सपोर्ट 2014 की तुलना में 8 गुना से ज्यादा बढ़ा



पीएम मोदी ने कहा कि भविष्य में भारत की सेना और भारत का डिफेंस सेक्टर कितना बड़ा होने वाला है। इसमें युवाओं के लिए रोजगार और स्व-रोजगार के कितने अवसर बनने वाले हैं। कभी भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिफेंस इम्पोर्टर हुआ करता था। जबकि आज भारत डिफेंस सेक्टर में भी एक बड़ा निर्यातक बनता जा रहा है। आज भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 2014 की तुलना में 8 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है।

### तीनों सेना ने दिखाई ताकत

भारतीय नौसेना समुद्री ताकत और तकनीकी परिष्कार को उजागर करते हुए नौसेना एंटी-शिप मिसाइलों, स्वायत्त कार्गो ले जाने वाले हवाई वाहनों और व्यय योग्य हवाई लक्ष्यों का प्रदर्शन किया। भारतीय वायु सेना हवाई संचालन में वायु श्रेष्ठता और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू विमान तेजस, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर और उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तैनात किया। यह कार्यक्रम भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत और परिचालन कौशल और स्वदेशी रक्षा उद्योग की सरलता और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करके, रक्षा में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की मजबूत प्रगति का उदाहरण देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड्स का पूरा डेटा चुनाव आयोग को भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक ने मंगलवार को इलेक्टोरल बॉन्ड्स का पूरा डेटा चुनाव आयोग को भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को बीते दिन बड़ा झटका देते हुए चुनावी बॉन्ड संबंधी जानकारी का खुलासा करने के लिए समयसीमा को बढ़ाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया था कि एसबीआई 12 मार्च को कामकाजी घंटे खत्म होने तक इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी जानकारी चुनाव आयोग को दे।

### अनुराग ठाकुर ने देशभर में लॉन्च की कीर्ति स्कीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चंडीगढ़। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने खेल परिसर-7 में कीर्ति स्कीम की लॉन्चिंग के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री की सोच है कि युवा अवस्था से ही खिलाड़ियों को चुनकर उन्हें प्रशिक्षित कर मेडल जीतने के लिए तैयार करने के लिए कोई योजना होनी चाहिए।

# नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री पद की ली शपथ

## 5 कैबिनेट मंत्रियों ने भी ली शपथ, नहीं बना कोई डिप्टी सीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। राज भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। यहां नायब सिंह सैनी हरियाणा में नए सीएम पद के लिए शपथ लेंगे। इस शपथ समारोह में कई गणमान्य लोग मौजूद हैं। वहीं, शपथ ग्रहण समारोह में अनिल विज नहीं पहुंचे हुए हैं वो अंबाला में ही हैं। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल दत्तात्रेय बंडारू और मनोहर लाल भी मौजूद हैं।

नायब सैनी ओबीसी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं वो अंबाला के रहने वाले हैं। साल 2019 में वो कुरुक्षेत्र सीट से सांसद बने। इसके साथ ही वो हरियाणा बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष भी रहे। राज्य में सबसे अधिक आबादी जाट समुदाय की है। माना जाता है कि इस समुदाय का वोट कांग्रेस, जेजेपी और इंडियन नेशनल लोकदल के बीच बंट जाता है। सैनी ने प्रदेश संगठन में कई पदों पर जिम्मेदारी संभाली है।

कंवरपाल गुर्जर और मूलचंद शर्मा को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही हरियाणा में कोई डिप्टी सीएम नहीं रहेगा। वहीं, रणजीत सिंह चौटाला ने भी मंत्री पद की शपथ ली ये सिरसा के रनिया से निर्दलीय विधायक रहे हैं। वहीं, सैनी सरकार में जाट चेहरे के रूप में जय प्रकाश दलाल ने मंत्री पद की शपथ ली। वो मनोहर सरकार में चार मंत्रालय संभाल रहे थे। डॉ. बनवारी लाल ने भी सैनी सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। मनोहर लाल सरकार में वो दो मंत्रालय संभाल रहे थे। रेवाड़ी जिले की बावल सीट से विधायक हैं। सैनी सरकार में वो दलित चेहरा हैं। इसके साथ ही सीएमओ हरियाणा ने अपने एक्स हैंडल को नायब सैनी को हरियाणा सीएम के रूप में अपडेट कर दिया है। साथ ही उनकी तस्वीर को भी अपलोड कर दिया है।

### अनिल विज को नए मंत्रिमंडल में नहीं मिली जगह

मनोहर लाल कैबिनेट में शामिल रहे। वहीं, अनिल विज के साथ ही राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव, संदीप सिंह और कमलेश ढांडा को नए मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। वहीं, अनिल विज ने अपने एक्स हैंडल पर बदलाव करते हुए एक्स होम एंड हेल्थ मिनिस्टर हरियाणा लिख दिया है।

# सरकार पशुपालकों के कल्याण और उत्थान के लिए है प्रतिबद्ध

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सर्वे ऑफ इण्डिया स्टेडियम, हाथीबड़कला, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए राज्य पशुधन मिशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों को चेक वितरण किए। उन्होंने आंचल ब्राण्ड के तहत आंचल शहद एवं आंचल इनामी योजना का भी शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भराड़ीसैंण में बद्री गाय ट्रेनिंग सेण्टर खोले जाने एवं दुग्ध उत्पादकों हेतु दुग्ध दरों में एक रूपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसान और पशुपालक के देश, राज्य के विकास की नींव होते हैं। राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। किसानों और पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी करने और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से राज्य पशुधन मिशन योजना शुरु की है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य कर रही है साथ ही अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचकर उनका उत्थान एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करने को संकल्पित हैं।

### घोषणा

■भराड़ीसैंण में बद्री गाय ट्रेनिंग सेण्टर खोला जायेगाः सीएम

### मोबाईल वेटनरी यूनिट करेंगे स्थापित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष 35 और मोबाईल वेटनरी यूनिट स्थापित कर राज्य के सभी 95 विकासखण्डों में पशु चिकित्सा एवं पशु प्रजनन सेवाएँ सुनिश्चित करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा संचालित "राष्ट्रीय गोकुल मिशन" योजना के तहत देहरादून में स्वदेशी गोवंशीय प्रजातियों हेतु प्रथम बार भ्रूण प्रत्यारोपण उत्कृष्ता केंद्र स्थापित किया गया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कांग्रेस ने जारी की 43 उम्मीदवारों की सूची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में 43 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने तीन पूर्व

### तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे भी बने प्रत्याशी

मुख्यमंत्रियों के बेटों को भी लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ को टिकट दी गई है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालौर टिकट दी गई है। असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई को जोरहाट से टिकट दी गई है।

लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को कांग्रेस ने दूसरी लिस्ट जारी की है। कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में 6 राज्यों से 43 नामों की घोषणा की गई है। इसमें असम से 12 , गुजरात से 7, मध्य प्रदेश से 10, राजस्थान से 10, उत्तराखंड से 3 और दमन द्वीप से 1 उम्मीदवार के नाम की घोषणा की गई है।

## न्यूज डायरी



### राष्ट्रपति मुर्मु ने मॉरिशस के पीएम जगुनौथ को भेंट दी रूपे कार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पोर्ट लुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मॉरीशस की अपनी पहली तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने मॉरीशस के अपने समकक्ष पृथ्वीराज सिंह रूपन से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुमु ने रूपण को एक रूपे कार्ड भेंट किए। पिछले कुछ दिनों पहले ही रूपे कार्ड को मारीशस में लॉन्च किया गया है। दोनों नेताओं ने एक टी–टी बैठक में हिस्सा लिया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों का जायजा लिया और ऐतिहासिक और गहरी साझेदारी को और गति प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा की। साल 2000 के बाद से मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वालीं द्रौपदी मुर्मु छठी भारतीय राष्ट्रपति हैं। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मु मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि भी है। राष्ट्रीय दिवस समारोह में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कहा,षमुझे आप सभी को यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी सरकार ने अभी एक विशेष प्रावधान को मंजूरी दी है जिसके तहत भारतीय मूल की 7वीं पीढ़ी के मॉरीशसवासी भी भारत के विदेशी नागरिक कार्ड, ओसीआई कार्ड के लिए पात्र होंगे। पीएम मोदी ने पिछले महीने श्रीलंका के राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवींद जगन्नाथ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मॉरीशस और श्रीलंका में डिजिटल भुगतान कनेक्टिविटी का शुभारंभ किया था।

### नेपाल के पीएम कल 15 माह में तीसरी बार हासिल करेंगे विश्वासमत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड बुधवार को विश्वासमत हासिल करने के लिए तैयार हैं। प्रचंड ने रविवार को इस आशय का पत्र संसद सचिवालय को भेजा। दिसंबर 2022 में पद संभालने के बाद से बुधवार को 69 वर्षीय प्रचंड तीसरी बार विश्वासमत हासिल करेंगे। अभी हाल ही में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन–यूएमएल के साथ गठबंधन किया था। नेपाल के संवैधानिक प्रविधानों के तहत पुराने सहयोगी के समर्थन वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री को विश्वासमत हासिल करना होता है। विश्वासमत हासिल करने के लिए नई सरकार को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 मतों की जरूरत है। हालांकि प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के पास संसद के निचले सदन में 150 सदस्यों का समर्थन है। इसके लिए सीपीएन (माओवादी केंद्र) ने 13 मार्च को निचले सदन के अपने सभी सदस्यों को उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल श्प्रचंडश के भाई नारायण दहल ने सोमवार को नेशनल असेंबली में अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। उनका मुकाबला विपक्षी नेपाली कांग्रेस के युवराज शर्मा से है।

### अमेरिकी सांसदों ने बांधें पीएम मोदी की तारीफों के पुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन (अमेरिका)। यूक्रेन पर संभावित परमाणु हमले को रोकने में मदद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य वैश्विक नेताओं को श्रेय देने वाली एक हालिया रिपोर्ट के आलोक में अमेरिका के दो सांसदों का मानना है कि महात्मा गांधी और उनकी अहिंसा की विचारधारा के लिए जाना जाने वाला भारत एक ऐसी शक्ति के रूप में विकसित हो रहा है, जिस पर वैश्विक संघर्षों को हल करने के लिए देखा जाएगा। वैश्विक मंच पर पीएम मोदी की सक्रिय भूमिका और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को रेखांकित करते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सांसद रिच मैककॉर्मिक ने भारत को चीन और अमेरिका जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से प्रतिस्पर्धा करते हुए संघर्ष के समाधान में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में देखा। उन्होंने एएनआई को बताया, मुझे लगता है कि भारत अभी इसमें शुरुआत कर रहा है। इसके लिए पीएम मोदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगे हुए हैं। भारत की अर्थव्यवस्था हाल ही में तेजी से बढ़ी है। उसकी जीडीपी भी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा, ष्इस प्रतिस्पर्धा में चीन और अंततः संयुक्त राज्य अमेरिका पर निर्भर करता है कि दोनों देश अपनी अर्थव्यवस्था में क्या करते हैं।

# दुनिया को ड्रोन और घातक हथियार बेचकर मालामाल हो रहा तुर्की

**रिपोर्ट**

## पाकिस्तान और मालदीव को बेचे है काफी में हथियार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



अंकारा। तुर्की ने हथियार बनाने और बेचने की दिशा में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। तुर्की अब दुनिया का 11वां सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश बन गया है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की 11 मार्च की रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है। इंस्टीट्यूट के आंकड़ों के अनुसार, 2014–2018 की तुलना में 2019–2023 में तुर्की का हथियार निर्यात दोगुना हो गया। 2019 से 2023 की अवधि में तुर्की के हथियारों के निर्यात में 106 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसने तुर्की को दुनिया के प्रमुख हथियार निर्यातकों की कतार में ला दिया है। मालदीव ने भी तुर्की से टीबी 2 हमलावर ड्रोन खरीदे हैं। यह मुद्री निगरानी के लिए हैं। ये ड्रोन यूक्रेन में तबाही मचा चुके हैं।

हथियार निर्यातक देशों में तुर्की से आगे अब अमेरिका, फ्रांस, रूस, इटली, दक्षिण कोरिया, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन और इजरायल हैं। हथियार निर्यातकों के इन 10 शीर्ष देशों के बाद दुनिया का 11वां सबसे बड़ा हथियार निर्यातक तुर्की है। तुर्की ने संयुक्त अरब अमीरात को सबसे ज्यादा 15 प्रतिशत हथियार निर्यात किए। उसके बाद कतर को 13 प्रतिशत और पाकिस्तान को 11 फीसदी हथियार भेजे हैं। तुर्की 6.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उप–सहारा अफ्रीका में चौथा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता भी बना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014–2018 की अवधि में तुर्की का आयात 29 प्रतिशत कम हुआ।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका के हथियारों के निर्यात में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई और कुल हथियार निर्यात में उसकी हिस्सेदारी 34 प्रतिशत से बढ़कर 42 प्रतिशत हो गई। अमेरिका और पश्चिमी यूरोपीय देशों का संयुक्त निर्यात 2019–2023 में सभी हथियारों के लिए 72 प्रतिशत था। इसकी वजह ये थी कि यूरोप ने 2014–2018 से अपने हथियारों के निर्यात को दोगुना कर दिया। इस समयावधि में भारत, सऊदी अरब, कतर, यूक्रेन और पाकिस्तान 2019 से 2023 के बीच पांच सबसे बड़े हथियार आयातक थे। कुल वैश्विक हथियार आयात में 9.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत पहले स्थान पर पहुंच गया। इससे पहले 2014–2018 की अवधि में सऊदी अरब पहले स्थान पर रहा।

यूक्रेन पर आक्रमण के बाद जारी प्रतिबंध के कारण रूस की निर्यात मात्रा 53 प्रतिशत कम हो गई। निर्यातक 2019–2023 की अवधि में एक स्थान गिरकर तीसरे नंबर पर आ गया। जहां 2019 में 31 देशों ने मॉस्को से हथियार खरीदे, वहीं 2023 तक यह संख्या घटकर 12 रह गई। भारत और चीन ने इस अवधि में रूस से सबसे अधिक मात्रा में हथियार हासिल किए।

## चीन में नहीं थम रहा कोयला खदान दुर्घटनाओं का सिलसिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में कोयला खदान दुर्घटना मामले थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटों में चीन में दो अलग–अलग कोयला खदान दुर्घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शांक्सी प्रांत के झोंगयांग काउंटी में एक कंपनी के स्वामित्व वाला भूमिगत कोयला बंकर सोमवार आधी रात ढह गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और दो लापता हो गए।

बचाव अभियान कार्य जारी है और मलबे से मजदूरों को निकाला जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, बंकर का स्वामित्व ताओयुआन जिनलॉन्ग कोल इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड के पास है।

शांक्सी में यह घातक दुर्घटना उसके खनन सुरक्षा नियामक द्वारा पिछले महीने एक नोटिस जारी करने के बाद हुई है। चीन के शीर्ष उत्पादक कोयला खदान क्षेत्र में 2023 में मौतों में वृद्धि देखी गई। सीसीटीवी की सोमवार देर शाम की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के पूर्वी अनहुई प्रांत में हुइहे एनर्जी की कोयला खदान में गैस विस्फोट के बाद अलग से सात लोग मृत पाए गए और दो लापता पाए गए। 2023 में, चीन में घातक कोयला खदान दुर्घटनाओं के मद्देनजर खान सुरक्षा प्रशासन को मौजूदा कानून में सुधार करना पड़ा।



## अजीत डोभाल ने बेंजामिन नेतन्याहू से की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आज भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। मुलाकाता के दौरान बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में चल रही लड़ाई की जानकारी अजीत डोभाल के साथ साझा की। दोनों देशों की ओर से बंधकों को रिहाई और मानवीय सहायता के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इस मुलाकात की जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री की सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिए दी गई। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के निदेशक, प्रधानमंत्री के विदेश नीति सलाहकार और इजराइल में भारतीय राजदूत ने भी हिस्सा लिया। रमजान के महीने में हमास प्रमुख ने एक बार फिर गाजा में युद्धविराम की मांग पर जोर दिया है।

# राष्ट्रपति बनने के बाद यूक्रेन को युद्ध के लिए एक पैसा भी नहीं देंगे ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बुडापेस्ट। इस साल के 5 नवंबर महीने में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में भी जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला होने वाला है। रूस और यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने खुलकर यूक्रेन का साथ दिया है। अमेरिका ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ आर्थिक और सैन्य मदद भी दी। सबसे बड़ा सवाल है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो अमेरिका के जरिए यूक्रेन को मिलने वाली मदद पर ब्रेक लग जाएगी।

दरअसल, हंगरी के प्रधानमंत्री

■ हंगरी के पीएम के दावे ने बढ़ाई जेलेंस्की की टेंशन

विक्टर ओर्बन ने दावा किया है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बैठक के दौरान उनसे कहा था कि वह यूक्रेन में युद्ध के लिए श्एक पैसाश भी नहीं देंगे। हंगरी के प्रधानमंत्री के दावे पर ट्रंप की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विक्टर ओर्बन अपने दोस्त ट्रंप से मिलने शुक्रवार को फ्लोरिडा गए थे। ओर्बन ने कहा, उनका दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट है। वो वह यूक्रेन–रूस युद्ध में एक पैसा भी नहीं देंगे, जिसकी वजह से युद्ध समाप्त हो जाएगा, क्योंकि यूक्रेन बिना अमेरिका की मदद से युद्ध नहीं लड़ सकता है। अकेले यूरोपीय इस युद्ध का वित्तपोषण नहीं कर पाएंगे ट्रंप ने पहले पुतिन के प्रति प्रशंसा व्यक्त की थी और कहा था कि अगर वह अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए तो वह 24 घंटों में यूक्रेन में युद्ध समाप्त कर देंगे। नाटो प्रमुख स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन को सफेद झंडे की नहीं, हथियारों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर हम बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं, तो वहां पहुंचने का रास्ता यूक्रेन को सैन्य सहायता है। दरअसल, कुछ दिनों पहले पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन से सफेद झंडा उठाने यानी युद्ध समाप्त करने का आह्वान किया था।

## इशाक डार को मिली पाकिस्तान के विदेश मंत्री की जिम्मेदारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने मंत्रिमंडल में 19 सदस्यों को शामिल कर लिया है। पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार को पाकिस्तान का नया विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इशाक डार पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के वरिष्ठ नेता हैं। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भी खास हैं। इससे पहले वह चार बार पाकिस्तान के वित्त मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। हालांकि, इशाक डार को विदेश मामलों का अनुभव कम है। इसके बावजूद उन्हें विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। जब पाकिस्तान के अपने पड़ोसी भारत के साथ–साथ अफगानिस्तान के साथ संबंध निचले स्तर पर हैं। कश्मीर पर इशाक डार की स्थिति पाकिस्तान और भारत के संबंधों में मुख्य बाधा है, क्योंकि वह कट्टरपंथियों के साथ आर्थिक संबंधों के पक्षधर हैं।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सरपंच की पहल पर मातृशक्ति बनी अब जंगलों की प्रहरी

**पहल**

## वनाग्नि से जंगलों की रक्षा को वन पंचायत सरपंच ऊखीमठ की अभिनव पहल

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। वनाग्नि से होने वाले नुकसान व इसकी सुरक्षा को लेकर वन पंचायत सरपंच ऊखीमठ पवन राणा ने अभिनव पहल की है। पवन राणा द्वारा स्थानीय मातृशक्ति के साथ लगातार व सार्थक संवाद करते हुए उन्हें वनों की सुरक्षा को लेकर जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उनकी इस पहल में मातृशक्ति द्वारा उनका साथ दिया जा रहा है एवं जंगल में आग लगाने वालों पर निगरानी और वन विभाग के साथ मिलकर कार्रवाई के प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी व प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग ने पवन राणा की इस विशेष पहल की सराहना की है।

वन पंचायत सरपंच ऊखीमठ पवन राणा ने फायर सीजन को देखते हुए अनूठी पहल की है। वनों में लगने वाली आग से वन संपदा के राख होने के साथ ही उसके मानवीय व पर्यावरणीय नुकसान



को लेकर वे स्थानीय तथा आसपास के अन्य गावों की मातृशक्ति के साथ लगातार संवाद कर उन्हें वनों में लगने वाली आग से हो रहे नुकसान की बारीकी से जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही वनों की सुरक्षा को लेकर भी जानकारी से अवगत करा रहे हैं। इसके अलावा गांव में मातृशक्ति के साथ गोष्ठी का आयोजन करते हुए उन्हें जिम्मेदारी हेतु शपथ भी दिलाई जा रही है। इस पहल में स्थानीय मातृशक्ति भी उनका बढ़ चढ़कर साथ दे रही हैं। साथ ही आसपास की अन्य वन पंचायतों की मातृशक्ति व ग्रामीणों को भी वनों की आग से सुरक्षा में योगदान देने का संदेश दिया जा रहा है।

पवन राणा बताते हैं कि वनों में लगने वाली आग से वन संपदा नष्ट होने के साथ–साथ जंगल में रहने वाले छोटे–बड़े प्राणियों को बड़ी क्षति पहुंचती है। इसके अलावा बड़े गंभीर पर्यावरण व मानवीय नुकसान भी होते हैं। उन्होंने कहा कि हर ग्रामीण को वनों में आग न लगने हेतु जागरूक होने की आवश्यकता है। साथ ही जिनके द्वारा वनाग्नि की घटना का कृत्य किया जाता है उसे अनिवार्य रूप से दंडित करना, घटना की सूचना देने वालों को पुरस्कृत करना, समय–समय पर लोगों को इसके लिए जागरूक करते रहना आदि सार्थक प्रयासों से वनाग्नि की घटनाओं को रोका जा सकता है। उनके द्वारा यही सब करते हुए महिलाओं व ग्रामीणों को जागरूकता संदेश दिया जा रहा है जिसमें सभी महिलाओं का उन्हें साथ मिल रहा है। और इसके बेहतर परिणाम भी मिल रहे हैं।

इधर, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार और प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग अभिमन्यु ने पवन राणा के प्रयासों की भूरि–भूरि प्रशंसा की है। साथ ही जनपद में अन्य लोगों को उनसे प्रेरित होकर वनाग्नि की घटना को रोकने हेतु किए जाने वाले प्रयासों की सीख लेने की अपील की है।

## न्यूज डायरी

### वाम दलों ने एसबीआई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। वामपंथी दलों ने चुनाव बांड में एसबीआई की संदिग्ध भूमिका के खिलाफ बैंक मुख्यालय परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट और एजीएम के माध्यम से चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को वाम मोर्चा सीपीआई, सीपीआई(एम), सीपीआई (एमएल) से जुड़े लोग चुनावी बांड में संदिग्ध भूमिका के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध कार्यक्रम के तहत एसबीआई के मुख्यालय पर एकत्र हुए। यहां बैंक के खिलाफ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने चुनावी बान्ड पर मोदी सरकार और एसबीआई की कथित भूमिका के खिलाफ कड़े शब्दों में निन्दा की। कहा सर्वोच्च न्यायालय की कड़क टिप्पणी और निर्णय के बावजूद एसबीआई के प्रबन्धक वर्ग की गैरजिम्मेदाराना रवैये की आलोचना करते हुये चुनावी बॉन्ड की खुलासे की मांग की है। इस मौके पर सीपीएम राज्य सचिव राजेन्द्र नेगी, सीपीएम एमएल के राज्य सचिव इन्द्रेश मैखुरी, सीपीआई के एसएस रजवार आदि मौजूद रहे।

### दुग्ध उत्पादकों को एक लीटर पर एक रुपया ज्यादा मिलेगा

**संवाददाता** देहरादून। राज्य के दुग्ध उत्पादकों से सहकारी डेयरी फेडरेशन प्रतिलीटर एक रुपया अधिक मूल्य पर दूध खरीदेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने मंगलवार को दूध की दरों में प्रति लीटर एक रुपये का इजाफा करने की घोषणा की। राज्य के 53 हजार दुग्ध उत्पादकों को एक अप्रैल से बढ़ी हुई दरों का लाभ मिलेगा। हाथीबड़कला में सर्वे ऑफ इंडिया स्टेडियम में पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने चमोली के भराडीसैंण में बद्रीगाय ट्रैनिंग सेंटर खोलने की भी घोषणा की। साथ ही आंचल ब्रांड के तहत नए ब्रांड आंचल शहद को लोकार्पण और आंचल की ईनामी योजना का शुभारंभ भी किया।

### गीतांजलि सैलून अमेरिका के प्रोफेशनल हेयर ब्रांड रेडकेन के साथ कर रहा पार्टनरशिप

**संवाददाता** देहरादून। गीतांजलि सैलून, जो अपनी सर्वोत्तम शैली और बालों की कलाकारी के लिए प्रसिद्ध है, अब खुशी से घोषणा करता है कि वह रेडकेन के साथ साझेदारी कर रहा है, जो अमेरिका में नंबर 1 प्रोफेशनल हेयर ब्रांड है। यह देहरादून में पहला रेडकेन फ्लैगशिप सैलून होगा, जहां पुरस्कार विजेता गीतांजलि सैलून केवल रेडकेन के परिवर्तनात्मक बाल उपचार और सेवाएं प्रदान करेगा जो आपके बालों की देखभाल के प्रति नजरिये को पुनर्परिभाषित कर देगा। देहरादून के सैलून जगत में यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर गीतांजलि सैलून की महारत और रेडकेन के आधुनिकतम हेयर टेक्नोलॉजी को एक साथ लाता है।

# सिलिम सेंड खनन पट्टा स्वीकृत करने को लेकर जताया विरोध

**संवाददाता** पुरोला। विकासखण्ड मोरी के भँक्वाड गांव के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की भूमि को ग्रामीणों की सहमति के बिना सिलिम सेंड खनन पट्टा स्वीकृत करने को लेकर विरोध जताया तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर खनन पट्टा निरस्त करने की मांग की है। साथ ही खनन पट्टा निरस्त न करने पर आगामी लोकसभा चुनाव में चुनाव बहिष्कार की बात कही।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत–भंक्वार के अन्तर्गत रतन सिंह असवाल द्वारा सिलिका सैंड खनन पट्च्टा स्वीकृत करवाया गया जिसमे पट्टा/लीज धारक द्वारा ग्राम पंचायत की लगभग 36 हे० भूमि (सिविल) बिना ग्रामध्वासियों की सहमति से लीज पट्च्टा स्वीकृत करवाया गया है। जो सीधे–2 काश्तकारों के साथ धोखाधड़ी है। लीज/पट्टा आबादी के बीच में स्वीकृत किया गया है जिससे खनन होने पर बुजुर्ग से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा क्योंकि खनन से पीएम 5 व पीएम10 जैसे प्रदूषक स्वास जनित रोगों में इजाफा करेंगे।

ज्ञापन में कहा गया है कि खनन पट्टा/लीज स्वीकृत करने हेतु पर्यावरण प्रभाव आंकलन की रिपोर्ट ग्रामवासियों के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई व जान–बूझकर छुपाया जा रही है तथा लीज/पट्टा ऐसी भूमि पर स्वीकृत किया गया जो गाँव के सामुहिक हित व प्रयोग की है। इस भूमि पर चरान – चुगान एवं प्रतिदिन प्रयोग के सार्वजनिक रास्ते हैं जो गाँव की आबादी को आपस में मिलाते है तथा टौंस नदी तक आवागमन हेतु जाने का मुख्य मार्ग है।



## डीएम ने किया कार्मिकों का प्रथम रेन्डामाइजेशन

**संवाददाता** चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में मंगलवार को एनआईसी कक्ष में पोलिंग कार्मिकों का पहले चरण का रेंडमाइजेशन किया गया। सॉफ्टवेयर रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में शामिल 3644 कार्मिकों में से 3429 कार्मिकों का चयन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि रेंडमाइजेशन से चयनित पोलिंग कार्मिकों को शीघ्र निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण दिया जाए। लोकसभा चुनाव के लिए जनपद की तीनों विधानसभा में कुल 592 मतदेय स्थल बनाए गए है। जिसमें बद्रीनाथ विधानसभा में 210, कर्णप्रयाग विधानसभा में 179 और थराली विधानसभा में 203 मतदेय स्थल शामिल है। इन सभी मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग कार्मिकों का पहले चरण का रेंडमाइजेशन से चयन किया गया है। पोलिंग कार्मिकों को प्रशिक्षण हेतु जल्द ही आदेश जारी किए जाएंगे।

# नगर पालिका की घोषणा करवाने पर विधायक का फूल मालाओं से किया स्वागत

**संवाददाता** पुरोला। लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर शामिल हुए विधायक दुर्गेश्वर लाल का पुरोला में भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जश्न मनाकर फूल मालाओं व पटाखों की आतिशबाजी से स्वागत किया। मंगलवार को पुरोला नगर में लोकसभा चुनाव का पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसमें विधायक दुर्गेश्वर लाल,जिला अध्यक्ष सतेंद्र राणा व टिहरी लोकसभा प्रभारी नीरू देवी मौजूद रहे।

भाजपा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में पँहुचे विधायक का पुरोला में पंहुचने पर कार्यकर्ताओं ने पुरोला को नगर पालिका घोषित करवाने पर खुशी जाहिर करते हुए



फूलमालाओं के साथ मुख्यमंत्री व विधायक के जिंदाबाद तथा जय श्रीराम के नारों से भव्य स्वागत किया। कार्यालय के उद्घाटन में पँहुचे विधायक ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए नगरपालिका की घोषणा पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह पूरे भाजपा परिवार सहित जनजन के लिए गौरव का क्षण है और यह पुरोला के विकास के लिए नींव का पत्थर साबित होगी। वहीं कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर राष्ट्र के निर्माण के लिए निस्वार्थ काम करने की अपील की।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा सतेंद्र राणा ने पुरोला विधान सभा में महाविद्यालय को बालिका हॉस्टल, पुरोला नगर पंचायत को नगरपालिका बनाने सहित मुख्यमंत्री की करोड़ों की अन्य विकासकार्यो की घोषणाएं बड़ी उपलब्धि बताया व कार्यकर्ताओं से घर घर केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यो को प्रचारित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री पवन नौटियाल,डीपीसी मेंबर लोकेंद्र कंडियाल आदि यमुना घाटी के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## केंद्र में सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराएगी कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि केंद्र में सरकार बनाने पर पार्टी जातिगत जनगणना करवाएगी। उन्होंने भाजपा पर संविधान से छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया है। मंगलवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में करन माहरा ने कहा कि भाजपा सांसद खुलेआम कह रहे हैं कि यदि उनकी पार्टी को आगामी लोकसभा चुनावों में चार सौ सीट मिल गई तो पार्टी संविधान बदलने का काम करेगी। माहरा ने कहा कि भाजपा और आरएसएस का दबा हुआ एजेंडा अब खुलकर सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाया संविधान बदले जाने का प्रयास बेहद चिंताजनक है। माहरा ने कहा कि कांग्रेस जातिगत गणना के जरिए देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करेगी। अभी नौकरी, कारोबार, उद्योग सभी जगह चुनिंदा लोगों को ही कब्जा है।

*अगर हम अपनी ताकत का किसी की भलाई करने में इस्तेमाल नहीं कर सकते, तो वो ताकत एक दिन हमारे लिए मुसीबतों का पहाड़ भी खड़ा कर सकती है। – अज्ञात*



पेज थ्री
www.page3news.in

# गठबंधन से दूरी

**बसपा चीफ ने औपचारिक तौर पर ऐसी घोषणा भले न की हो, पार्टी में यह साफ कर दिया है कि उनके भतीजे आकाश आनंद ही उनके उत्तराधिकारी होंगे। पार्टी के समर्थकों के लिए यह कथित परिवारवादी रुझान एक नई चीज है और कहा जा रहा है कि उनके लिए इसे पचाना आसान नहीं होगा।**

गुलशन राय खत्री।।

बसपा सांसद रितेश पांडेय ने पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल होने की घोषणा की। बड़ी बात यह है कि वह अकेले नहीं हैं। पार्टी के कई सांसदों के बारे में ऐसी खबरें आ रही हैं कि उनकी निष्ठा बदल चुकी है। हालांकि जब तक औपचारिक घोषणा न हो जाए तब तक ऐसी अटकलों को ज्यादा अहमियत नहीं दी जाती। मगर ठेठ चीफ मायावती ने खुद यह कहकर इन खबरों को कुछ हद तक प्रामाणिकता दे दी है कि अपना हित साधने में लगे ऐसे सांसदों को पार्टी टिकट दे भी तो क्यों।

हाल के चुनावों में बसपा का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है। इससे पार्टी के भविष्य से जुड़ी चिंताओं को मजबूती दी है। 2014 लोकसभा चुनाव में बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। 2019 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन में उसने 10 सीटें जीतीं, लेकिन नतीजे आने के ठीक बाद पार्टी ने गठबंधन तोड़ने की घोषणा कर दी। 2022 विधानसभा चुनाव में पार्टी अकेले लड़ी और सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल कर पाई। उसका वोट शेयर भी गिरकर 12 फीसदी पर आ गया, जबकि 2014 में एक भी सीट हासिल न करने के बावजूद उसे 19.77 फीसदी वोट मिले थे।



बसपा समर्थकों में सबसे ज्यादा चिंता पार्टी नेतृत्व की गठबंधनों से दूरी रखने की घोषणा से है। गौर करने की बात है कि बसपा हमेशा किसी न किसी गठबंधन के जरिए ही सत्ता तक पहुंची है। एकमात्र अपवाद 2007 के विधानसभा चुनाव रहे जिसमें पार्टी ने बहुजन हिताय की जगह सर्वजन हिताय को चुनावी मंत्र बनाया था। अपने मुख्य समर्थक वर्ग के साथ ही किसी और तबके को साथ लेकर ही वह चुनावी जीत को साधु पाती है। ऐसे में मौजूदा पॉलिसी पार्टी के बाहर ही नहीं, अंदर भी कई तरह के सवाल और संदेह पैदा कर रही है।

बसपा चीफ ने औपचारिक तौर पर ऐसी घोषणा भले न की हो, पार्टी में यह साफ कर दिया है कि उनके भतीजे आकाश आनंद ही उनके उत्तराधिकारी होंगे। बहुजन समाज के हितों को समर्पित मानी जाने वाली इस पार्टी के समर्थकों के लिए यह कथित परिवारवादी रुझान एक नई चीज है और कहा जा रहा है कि उनके लिए इसे पचाना आसान नहीं होगा। वैसे किसी नेता या राजनीतिक दल की भूमिका या उसके सफर का भविष्य एकाध फैसलों या कुछेक चुनाव परिणामों से नहीं तय किया जा सकता। आज भी बसपा कुछ राज्यों में दलित समूहों के बीच सबसे प्रभावी उपस्थिति रखती है। यही नहीं, अपने लंबे राजनीतिक करियर में मायावती अपने समर्थकों को ही नहीं, विरोधियों को भी चौंकाती रही हैं। लेकिन इस बार वह ऐसा कुछ कर पाती हैं या नहीं, इसका जवाब पाने के लिए लोकसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार करना होगा।

## कीमत



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** सोने की माला तो क्या उस अंगूठी के बदले कोई पीतल का एक टुकड़ा भी देने को तैयार नहीं था। थकहार के व्यक्ति वापस महात्मा जी के पास पहुंचा और बोला कि इस अंगूठी की तो कोई कीमत ही नहीं है। महात्मा जी मुस्कुराये और बोले कि अब इस अंगूठी को पीछे वाली एक गली में सुनार की दुकान पर ले जाओ। व्यक्ति जब सुनार की दुकान पर गया तो सुनार ने एक माला नहीं बल्कि पांच माला अंगूठी के बदले देने को कहा। व्यक्ति बड़ा हैरान हुआ कि इस मामूली से अंगूठी के बदले कोई पीतल की माला देने को तैयार नहीं हुआ लेकिन ये सुनार कैसे 5 सोने की माला दे रहा है। व्यक्ति वापस महात्मा जी के पास गया और उनको सारी बातें बताईं। अब महात्मा जी बोले कि चीजें जैसी ऊपर से दिखती हैं, अंदर से वैसी नहीं होती।

# संपादकीय

## मौलिक अधिकार

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि लोगों को किसी भी मुद्दे पर प्रचार करने का मौलिक अधिकार है। इसी वजह से किसी व्यक्ति द्वारा किसी राजनेता या पार्टी को दिए जाने वाले डोनेशन पर कानूनी सीमाएं लगाई जा सकती हैं, लेकिन लोग अपने पसंदीदा नेता या पार्टी से जुड़े मुद्दों के प्रचार अभियान पर खुलकर खर्च कर सकते हैं। मौलिक अधिकारों का हनन किए बिना आप राजनीति से पैसों को अलग नहीं कर सकते। यह लोकतंत्र को दोषपूर्ण बनाता है, फिर भी दूसरे सिस्टम से बेहतर है। इसी वजह से राजनीतिक फंडिंग को पारदर्शी बनाने के लिए सुझाए गए सुधार ब्लैक मनी के आगे फेल हो जाएंगे। यह दुख की बात है, लेकिन सच है। पैसों से चुनाव नहीं जीता जाता। रूलिंग पार्टी विपक्षी दलों की तुलना में कॉरपोरेशन और धनपतियों से ज्यादा पैसा निकाल सकती है। बावजूद इसके, भारी खर्च करने के बाद भी सत्ताधारी दल अक्सर चुनाव हार जाते हैं। फिर भी पार्टियां लाखों रुपये खर्च करती हैं, क्योंकि कई चुनाव एक फीसदी या उससे भी कम वोट से जीते जाते हैं। कुल मिलाकर, खर्च किए गए धन और हासिल की गई सीटों के बीच कोई संबंध नहीं है। आलोचकों का यह डर आधारहीन है कि उद्योगपति अपने धन के दम पर राजनेताओं को खरीद सकते हैं। नवीन जिंदल की टिप्पणी से यह बात जाहिर हो जाती है।

लोकतंत्र में चुनाव और पैसों के बीच का संबंध बहुत गहरा है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आलोचकों का कहना है कि भले ही पैसा राजनीति से जुड़ा हो, लेकिन कौन किसे फंडिंग कर रहा है।

# बॉन्ड की हकीकत

स्वामीनाथन एस अंकलेसरिया अय्यर।।

मुझे समझ नहीं आ रहा कि इतने सारे लोगों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड को रद्द करने की सराहना क्यों की। हां, यह बात जरूर है कि इलेक्टोरल बॉन्ड अपारदर्शी थे। पता नहीं चलता था कि किसने किसे पैसा दिया। लेकिन, बात यह भी है कि ऐसी किसी स्कीम के बिना चुनावों में वाइट मनी घट जाएगी और पहले की तरह ही ब्लैक मनी का बोलबाला हो जाएगा। कई आलोचक चुनावों में पैसों की भूमिका पर रोना रोते हैं। लेकिन, लोकतांत्रिक राजनीति महंगी है। लोकतंत्र में चुनाव और पैसों के बीच का संबंध बहुत गहरा है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आलोचकों का कहना है कि भले ही पैसा राजनीति से जुड़ा हो, लेकिन कौन किसे फंडिंग कर रहा है, इस पर पारदर्शिता की जरूरत है। अफसोस कि इस तरह की पारदर्शिता लाने की कोशिश में फंडिंग पर्दे के पीछे से हो सकती है। ऐसे में पारदर्शिता पहले से और कम हो जाएगी।

फंडिंग में इलेक्टोरल बॉन्ड का हिस्सा कभी भी बहुत ज्यादा नहीं रहा। असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (।क्त) के अनुसार, 2017–18 और 2022–23 के बीच इलेक्टोरल बॉन्ड से पार्टियों ने कुल 11,989 करोड़ रुपये जुटाए। मतलब कि हर साल करीब दो हजार करोड़



रुपये। जिन लोगों को राजनीति की हकीकत पता है, वे आपको बताएंगे कि चुनावों पर असल में इससे कहीं अधिक खर्च किया गया। इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये कुछ वाइट मनी मिल रही है, लेकिन ब्लैक मनी की फंडिंग भी बनी हुई है।

एडीआर का कहना है कि इलेक्टोरल बॉन्ड में बीजेपी की हिस्सेदारी 54.8 फीसदी थी। कुछ आलोचकों के मुताबिक, बीजेपी को मिली फंडिंग अनुचित रूप से अधिक है। सच पूछिए तो यह बहुत कम है। कारोबारी इसलिए चंदा देते हैं ताकि नेताओं की ओर से उनके कामकाज में कोई बाधा खड़ी न की जाए। इस पहलू से देखें तो रूलिंग पार्टी को तो और भी चंदा मिलना चाहिए,

लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड से जो पैसा आया उसमें बीजेपी की हिस्सेदारी 54 फीसदी ही रही। भारत में राजनीतिक पार्टियां चुनावों में हार सकती हैं, लेकिन दलबदलुओं को खरीद कर या सत्तारूढ़ विधायकों को अपनी सीटों से इस्तीफा देने के लिए राजी करके सत्ता में आ सकती हैं। 2018 में कर्नाटक, 2020 में मध्य प्रदेश और 2023 में महाराष्ट्र में जो हुआ वह इस बात का उदाहरण है। राजनीतिक हलकों में कहा जाता है कि इस काम के लिए बहुत पैसा बहाया गया। जाहिर है कि यह पैसा इलेक्टोरल बॉन्ड नहीं, बल्कि दूसरे रास्तों से आता है।

उद्योगपति और राजनेता नवीन जिंदल ने एक बार कहा था कि व्यापारियों से नेता जो धन लेते थे, उसका बमुश्किल एक प्रतिशत ही चुनाव पर खर्च किया जाता था। इससे पता चलता है कि पॉलिटिकल फंडिंग उद्योगपतियों द्वारा राजनेताओं की खरीद–फरोख्त नहीं है बल्कि राजनेताओं द्वारा पैसों के बदले सुरक्षा देने का एक अभियान है। भले ही नवीन जिंदल ने बहुत बढ़ा–चढ़ाकर आंकड़ा पेश किया हो, लेकिन इससे संकेत मिलता है कि चुनावी खर्च कुल राजनीतिक खर्च का एक अंश मात्र है। पैसों और राजनीति के बीच जो संबंध है, उसमें इलेक्टोरल बॉन्ड का हिस्सा बहुत मामूली है।

### सूडोकु बवाल-5185

कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु बवाल -5184 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## अपना ब्लॉग

### वोटर्स नफरत करते थे इमरजेंसी से

**मोहन।** साल 1977 में इंदिरा गांधी को पीएम पद से हटना पड़ा था, क्योंकि वोटर्स नफरत करते थे इमरजेंसी से। इसके बाद जनता पार्टी की सरकार बनी, जिसमें तेजतर्रार समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस उद्योग मंत्री बने। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में दिए एक यादगार भाषण में उन्होंने कांग्रेस के आगे झुकने और फंडिंग करने के लिए व्यापारियों की निंदा की थी। इसके तुरंत बाद एक बिजनेसमैन ने जॉर्ज फर्नांडिस को एक गुमनाम और खुला खत लिखा। उसमें फर्नांडिस से पूछा गया कि आप इतने गुस्से में क्यों हैं? आपको ऐसा क्यों लगता है कि हमें उस कांग्रेस से प्यार है, जिसने हमारे बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया और इनकम टैक्स 97.7 फीसदी तक बढ़ा दिया? बल्कि हमने शब्दों और नकदी के रूप में उपहार अर्पित किए, लेकिन हम प्रधानमंत्री और उद्योग मंत्री के पद को सम्मान दे रहे थे, उन पदों पर बैठे व्यक्तियों को नहीं। यह बात आज भी सच है।






## वर्ल्डवाइड 100 करोड़ के करीब पहुंची आर्टिकल 370

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक ओर जहां शैतान धमाल मचा रही है, वहीं 17 दिन बाद भी आर्टिकल 370 और 10 दिन पुरानी लापता लेडीज अपना दम दिखाने से नहीं चूक रही है। हालांकि, ये दोनों ही फिल्में शैतान की तरह तगड़ी कमाई नहीं कर रही हैं, लेकिन दोनों ही अपनी रफ्तार से लगातार आगे बढ़ रही हैं। आर्टिकल 370 और लापता लेडीज की कमाई बढ़ी है, वहीं यामी गौतम की फिल्म वर्ल्डवाइड 100 करोड़ क्लब के करीब पहुंच गई है। आदित्य जांभले के डायरेक्शन में बनी आर्टिकल 370 ने अपने तीसरे वीकेंड में कल 7.80 करोड़ रुपये कमाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यामी गौतम और प्रियमणि स्टारर इस फिल्म ने 3.40 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। एक दिन पहले इसने 2.75 करोड़ की कमाई की थी, जबकि 1.65 करोड़ का कारोबार किया था। 17 दिनों में इस फिल्म ने देश में 65.70 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म आर्टिकल 370 का बजट 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस लिहाज से यह फिल्म 17 दिनों में अपने बजट से तीन गुना अधिक कमाई कर चुकी है। वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने 89.25 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है और बहुत संभव है कि धीरे-धीरे ही सही यह 100 करोड़ क्लब में भी शामिल हो जाए। यह फिल्म द केरल स्टोरी और द कश्मीर फाइल्स के जॉनर की है।

## अभिषेक मल्हन जाने वाले थे जेल, फुकरा इंसान के घर पर पड़ी थी रेड

इन दिनों चारों तरफ एल्विश यादव छाए हुए हैं। पहले सांप के जहर की तस्करी करने का इल्जाम लगा और अब एक नामी यूट्यूबर मैक्सटर्न का मारने पीटने का वीडियो सामने आया। शिकायत हुई तो एफआईआर भी हो गई। हालांकि बाद में इनका मामला सुलट गया। खैर। इन सबके बीच अभिषेक मल्हन, जो यूट्यूबर हैं और बिग बॉस ओटीटी 2 के रनर अप भी। उनका भी एक ऐसा ही किस्सा है, जिसमें उनके भी जेल जाने वाली नौबत हो गई थी। क्या है पूरा मामला, आइए बताते हैं। अभिषेक मल्हन को अक्सर यूट्यूब पर ही चौलेंजिंग वीडियोज बनाते हुए देखा गया है। वह पॉप्युलर तो थे ही। लेकिन जब बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में नजर आए तो उनकी पॉप्युलैरिटी दोगुनी हो गई। यहां उन्होंने शुरू से लेकर अंत तक अपना 100 पर्सेंट दिया। लेकिन एल्विश के आने के कारण वह इस शो का टाइटल जीत न सके और अंत में डेंगू होने के कारण वह, फिनाले पर परफॉर्म भी नहीं कर सके थे।

## पटना शुक्ला में रवीना टंडन भूचाल ला रहीं, वकील की भूमिका में



रवीना टंडन की फिल्म पटना शुक्ला का ट्रेलर फाइनली रिलीज हो चुका है। बता दें कि इससे पहले रविवार को इसके टीजर ने लोगों की उत्सुकता को पहले से ही बढ़ा रखा था और अब ट्रेलर ने पूरी तरह से तहलका मचा डाला है। पटना शुक्ला के 1 मिनट 54 सेकंड के ट्रेलर में एक तरफ दिखाया गया है कि किस तरह एक अच्छे स्टूडेंट्स की मेहनत के साथ भी खिलवाड़ करने वालों की कमी नहीं और वहीं दूसरी तरफ एक महिला की ताकत भी है, जो घर वालों की नजरों में केवल घरेलू है, लेकिन अगर वो ठान ले तो दुर्गा चंडी सब बन सकती है। इस फिल्म में रवीना पर्दे पर पहली बार लॉयर की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रवीना टंडन की इस फिल्म का ट्रेलर सलमान खान ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा है, श्रोल-नंबर स्कैम केस है जिनका अगला, स्वागत करो रवीना का पटना शुक्ला के रूप में। इस ट्रेलर में रवीना वकील तनवी की भूमिका निभाती दिख रही हैं। हालांकि तनवी के पति को यही लगता है कि उनकी पत्नी वकील तो हैं लेकिन वो खाना बहुत अच्छा बनाती हैं और इसके अलावा एफिडेविट भी अच्छा बना लेती हैं। दरअसल इस कहानी के पीछे एक बड़ा स्कैम, पॉलिटिक्स और ऐसे कई अच्छे स्टूडेंट्स के मार्क्स की बलि है, जिनके पेपर अच्छे तो गए लेकिन रिजल्ट ठीक पलट है।

# सनी देओल ने बॉडी बनाने के लिए लंदन से मंगवाया था दूध



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपने दमदार डीलडौल और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए भी खूब जाने जाते हैं। वह अपने खान-पान के साथ-साथ अपने वर्कआउट का भी पूरा ध्यान रखते हैं। लेकिन हो सकता है आपको ये न पता हो कि सनी ने अपनी बॉडी के मेनटेन रखने के लिए लंदन से दूध के डब्बे मंगवाए थे। बॉलीवुड एक्टर सनी देओल अपने 9 किलो के हाथ वाले डायलॉग के साथ-साथ अपने भारी-भरकम बॉडी के लिए भी जाने जाते हैं। इसे उन्होंने अब तक बनाए रखा है और इसके लिए हेल्दी खानपान और अच्छी और हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ-साथ वर्कआउट भी फॉलो करते हैं। हालांकि यहां हम आपको सुनाने जा रहे हैं एक ऐसा किस्सा जो हैरान करने वाला है। अपने डीलडौल को बनाए रखने के लिए सनी देओल ने एक बार अपने लिए लंदन से दूध के डब्बों का कार्टन मंगवाया था। ये इतने थे जिससे पूरा कमरा भर गया था।*

**विंदू दारा सिंह ने सुनाया सनी देओल का किस्सा**

एक्टर दारा सिंह के बेटे विंदू दारा सिंह ने ये किस्सा सुनाया था। सनी देओल से विंदू का काफी करीबी कनेक्शन रहा है। उन्होंने बताया था कि सनी देओल ने अपना वजन बढ़ाने के खयाल से और अपना तगड़ा डीलडौल बनाए रखने के लिए कितनी मेहनत करते थे। सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में विंदू दारा सिंह ने बताया कि उनकी पहली फिल्म बेताब की शूटिंग से पहले सनी ने लंदन में ट्रेनिंग ली थी था, जिसकी वजह से उनका शरीर जॉन जे रेम्बो जैसा दिखता था।



**विंदू ने उनसे कहा कि ये तो लंदन की बॉडी है**

हालांकि, उन्हें जल्द ही ये एहसास हुआ कि इस बॉडी को बनाए रखने के लिए एक खास अंदाज में इसकी देखभाल की जरूरत होगी। उन्होंने आगे कहा कि सनी ने लंदन में उस दौरान काफी मसल्स बनाया था और वह रेम्बो जैसे दिखते थे। विंदू ने बताया कि उन्हें सनी ने तब बताया था कि उनकी फिल्म बेताब 2 से 3 महीने में शुरू होने वाली है। विंदू ने उनसे कहा कि ये तो लंदन की बॉडी है, जो दूध, पनीर और वहां की हर चीज खाकर बनाई गई है।उन्होंने उनसे कहा कि वह जब भारत पहुंचेंगे तो उनके ये मसल्स वहां जाकर गायब हो जाएंगे वाकई में ऐसा ही हुआ भी।

**दूध के डिब्बों से भरा कमरा, जिसे लंदन से मंगवाया था**

विंदू ने बताया कि अगली बार जब वह फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, तो उन्होंने उनसे कहा कि अब उनका मसल्स बिल्कुल खत्म नहीं होने वाला। इसपर विंदू ने उनसे पूछा- ये कैसे? तो सनी उन्हें एक कमरे में लेकर गए जो पूरा दूध के डिब्बों से भरा हुआ था जो उन्होंने लंदन से इम्पोर्ट करवाया था।

**अगली फिल्म लाहौर 1947 है, जो आमिर खान बना रहे**

वर्कफ्रंट की बात करें तो सनी ने 2023 में गदर 2 के साथ बड़े पर्दे पर अपना जलवा एक बार फिर से साबित कर दिया। ये फिल्म साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक साबित हुई। सनी की अगली फिल्म लाहौर 1947 है जिसे आमिर खान के प्रॉडक्शन में तैयार किया जा रहा है।

# आयशा खान ने एक बार फिर दिखाए कातिलाना डांस मूव्स

*बिग बॉस 17 से चर्चा में आई आयशा खान बाहरी दुनिया में भी बहुत फेमस हैं। सोशल मीडिया पर उनके रील्स खूब देखे जाते हैं लेकिन अक्सर वो ट्रोल भी हो जाती हैं। हाल ही में उनके डांस वीडियो ने तहलका मचा दिया लेकिन लोगों ने खूब खरी-खोटी भी सुना दी। आइए देखें।*



बिग बॉस 17 की आयशा खान को अब तक सब जानते हैं। मुनव्वर फारुकी के साथ इश्क के चर्चे को लेकर आयशा बहुत मशहूर हुईं। घर में दोनों के खूब झगड़े हुए और उन्होंने एक-दूसरे पर जमकर कीचड़ उछाला। लेकिन घर से बाहर आने के बाद आयशा खान सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव हैं। वो हर दिन कई सारे पोस्ट शेयर करती हैं और एक बार फिर से उन्होंने कुछ ऐसा ही किया है। डांस करते हुए आयशा ने वीडियो शेयर किया, जिस पर तरह-तरह के कमेंट्स आ रहे हैं। आइए दिखाते हैं। इंस्टाग्राम पर डांस करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वो हमेशा की तरह अपने कातिलाना मूव्य दिखाती नजर आ रही हैं। आयशा का डांस देखकर उनके फैंस तो रिएक्ट कर रहे हैं लेकिन ट्रोलर्स ने जैसे निशाना साध लिया हो। लोग वीडियो पोस्ट होते ही कमेंट सेक्शन में आए और काफी कुछ कहा। आयशा ने कैप्शन में लिखा था, गुड मॉर्निंग, ओके बाय।

**जमकर हुई ट्रोलिंग**

लोगों ने आयशा को एक बार फिर जमकर ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा, लो फिर आ गई ये। एक ने कहा, कमर लचकाने के अलावा और कुछ आता है। एक ने लिखा, बस एक ही स्टेप आता है इसको। एक ने लिखा, रमजान शुरू हो गया, कुछ तो शरम करो। एक यूजर बोला, ये आंटी सिर्फ 21 साल की हैं।

**अभिषेक और आयशा का रिश्ता**

इससे पहले, आयशा, अभिषेक कुमार के साथ अफेयर के चर्चे पर खबरों में आई थीं। अभिषेक और आयशा की भी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है और उन्हें एक साथ काफी पसंद किया जाता है। पिछले महीने, अभिषेक ने एक रोमांटिक वीडियो जारी किया था जिसमें वह आयशा खान के साथ सांवरे के रोमांटिक पलों को दोबारा बनाते हुए नजर आए थे। तब से दोनों के रोमांस की खबरें हैं लेकिन उन्होंने इस बात को माना नहीं है।

# भरपूर कैल्शियम लेते हैं फिर भी कमजोर हैं हड्डियां? सावधान

*कई बार डाइट में पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम लेने के बाद भी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में समझना जरूरी है कि ऐसा क्यों होता है, और इसका हल क्या है? कैल्शियम के अलावा वो कौन सा तत्व है, जिसकी कमी से हड्डियों से संबंधित बीमारियां पैर पसारने लगती हैं। शोध बताते हैं कि भरपूर कैल्शियम लेने के बाद भी अगर हड्डियां कमजोर हो रही हैं तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि आपके शरीर में विटामिन–डी की कमी हो रही है।*



**साबुत अनाज**

विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए आप खाने में गेहूं, जौ और दूसरे अनाज शामिल कर सकते हैं। साबुत अनाज खाने से आपके शरीर को सिर्फ कैल्शियम ही नहीं मिलती है। बल्कि इससे फाइबर व दूसरे पोषक तत्व भी मिलते हैं, जोकि सेहत के लिए हर तरह से फायदेमंद हैं।

अब सवाल है कि हड्डियों को मजबूत कैसे बनाएं? जवाब है, कैल्शियम के साथ–साथ विटामिन व का सही मात्रा में सेवन। विटामिन–डी हड्डियों की क्षति को कम करने के साथ फ्रेक्चर होने के जोखिम को भी कम करने में सहायक है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों को दूर रखा जा सकता है। तो आइए जानते हैं कि वो कौन से चीजें हैं, जिनमें विटामिन–डी भरपूर होता है।

**फिश:** अगर आप नॉन वेज खाना पसंद करते हैं तो विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए अपनी डाइट में सी फूड शामिल करना चाहिए। हेरिंग, मैकेरल, सैल्मन और टूना जैसी मछलियों में विटामिन डी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा कार्ड लिवर ऑयल में भी काफी मात्रा में विटामिन डी होता है। रेड मीट में भी अच्छी मात्रा में विटामिन डी पाया जाता है।

**दूध–दही:** दूध–दही में विटामिन डी और कैल्शियम दोनों होते हैं। ऐसे में अगर आप इन्हें अपनी नियमित डाइट में शामिल करते हैं तो हड्डियां मजबूत बनती हैं। साथ ही दूध–दही खाने से पेट भी फिट रहता है। ये दोनों चीजें पोषक तत्वों का भंडार माने जाते हैं और सेहत के लिए फायदेमंद हैं।

**मशरूमः** मशरूम को विटामिन डी का भी अच्छा स्रोत माना जाता है। इसके अलावा इसमें विटामिन बी1, बी2, बी 5, विटामिन C, मैग्नीशियम कैल्शियम भी खूब पाया जाता है, जोकि शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार हैं। ऐसे में मशरूम को अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाएं।

**बादामः** बादाम का सेवन, शरीर में विटामिन डी की कमी को दूर करने में सहायक हो सकता है। अगर आप रोज रात में बादाम भिगोकर खाते हैं तो इससे शरीर की गतिविधियों में तेजी आती है। इनके सेवन से न सिर्फ शरीर बेहतर होता है बल्कि, इनके हमारा दिमाग भी बढ़िया चलता है।



## चोट लगने पर खून बंद नहीं होता? हीमोफीलिया से निपटने के लिए खाएं ये चीजें

कई बार आपने ध्यान दिया होगा कि चोट या खरोच लगने के बाद खून बहना शुरू हो जाता है, तो फिर बंद ही नहीं होता है। ऐसा हीमोफीलिया की बीमारी में होता है। हीमोफीलिया रक्त की बीमारी से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। इसमें खून का थक्का यानी कि ब्लड क्लॉट बनना बंद हो जाता है।यह एक अनुवांशिक बीमारी है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हीमोफीलिया के मरीजों में क्लॉट बनाने वाले घटक काफी कम होते हैं। इन लोगों में रक्तस्राव शरीर के अंदर या बाहर दोनों जगह हो सकता है। जो लोग इस बीमारी से ग्रसित होते हैं, उनमें छोटी सी खरोंच लगने पर भी दिक्कत शुरू हो जाती है। इस बीमारी के इलाज में डाइट भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के अनुसार हीमोफीलिया के मरीजों को उनकी डाइट में कुछ विशेष चीजों को शामिल करने की सलाह दी जाती है, जो रक्तस्राव को नियंत्रित और खून के क्लॉटिंग को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। हीमोफीलिया जैसे हेल्थ कंडीशन में आयरन से भरपूर चीजों का सेवन फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि यह रेड ब्लड सेल्स बनाती है। रेड ब्लड सेल्स ही ऑक्सीजन को मसल्स तक लेकर जाते हैं।

## किडनी के कोने–कोने में पथरी भर देंगी खाने की ये चीजें

किडनी स्टोन का दर्द काफी भयानक होता है। कई बार पथरी असहनीय दर्द करने लगती है और सर्जरी करवानी पड़ती है। गुर्दे की पथरी को बनने से रोका जा सकता है। इसके लिए आपको इसका खतरा बढ़ाने वाली खाने की चीजों को सावधानीपूर्वक खाना पड़ता है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि 4 एमएम तक बड़ी पथरी को आयुर्वेदिक और घरेलू उपायों से भी निकाला जा सकता है। किडनी स्टोन के लक्षण क्या हैं? नेशनल किडनी फाउंडेशन के मुताबिक, कैल्शियम, ऑक्सालेट, यूरेट, सिस्टाइन, सैंथिन और फॉस्फेट गुर्दे में जमकर पथरी बना सकते हैं। इसके मरीज में कमर के निचले हिस्से में तेज दर्द, पेट के आसपास दर्द (इस वजह से देहात में इसे पेट की पथरी भी कहते हैं), पेशाब में खून आना, जी मिचलाना, उल्टी, बुखार, ठंड लगना और पेशाब में बदबू आदि लक्षण दिखते हैं। नेशनल किडनी फाउंडेशन के मुताबिक किडनी में बनने वाले स्टोन के दो आम प्रकार होते हैं। सबसे ज्यादा मरीजों में कैल्शियम और यूरिक एसिड की वजह से क्रिस्टल जम जाते हैं।

## डॉक्टर से जान लो, गले पड़ जाए तो बुरा हाल कर देती है यह बीमारी



थायराइड की समस्या दुनिया भर में आम हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारत में लगभग 42 मिलियन लोग थायराइड रोगों से पीड़ित हैं। थायरॉइड गर्दन के पास एक छोटे आकार की ग्लैंड होती है, जो हमारे दिल, दिमाग और शरीर के दूसरे अंगों को अच्छे से चलाने वाले हॉर्मोन पैदा करती है। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि थाइराइड ग्रंथि अगर कम या ज्यादा हॉर्मोन छोड़ती है तो शरीर को इससे तमाम दिक्कतें हो सकती हैं। थायराइड का समय रहते इलाज न हुआ तो यह भयावह भी हो सकता है। वजन बढ़ना, चेहरे, पैरों में सूजन, आलस–कमजोरी, भूख न लगना, अत्यधिक नींद आना, बहुत ठंड लगना, और बालों का झड़ना थायराइड के कुछ बड़े लक्षण हैं। डॉक्टर उन अच्छे फूड्स के बारे में भी बताती हैं जो थायराइड के लिए बुरे हो सकते हैं। पीनट बटर और मूंगफली प्रोटीन से भरपूर होते हैं। ये हेल्थ के लिए अच्छे माने जाते हैं और मांसपेशियों में जान फूंकते हैं। लेकिन यदि आपको श्हाइपोथायरॉइडश है तो इन्हें नहीं खाना चाहिए। इनमें ळवपजतवहमदे कंपाउंड होते हैं, जो थायराइड हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं
वो कंपाउंड है, जो थायराइड ग्लैंड के सामान्य कामकाज में बाधा पैदा करते हैं। रागी, आयरन, कैल्शियम और फाइबर से भरपूर होने के कारण एक अद्भुत चीज है। सेहत के लिए इसका सेवन अच्छा माना जाता है।

# बढ़े हुए यूरिक एसिड को कम करने में मददगार है अदरक

*डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की तरह के आज के समय में अधिकतर लोग यूरिक एसिड की समस्या से भी परेशान हैं। यह परेशानी तब होती है, जब किसी वजह से किडनी की फिल्टर करने की क्षमता कम हो जाती है, तो ऐसे में यूरिया, यूरिक एसिड के रूप में परिवर्तित हो जाता है और यह हड्डियों के बीच में जमा हो जाता है। जो परेशानी की एक बड़ी वजह है। यूरिक एसिड शरीर के सेल्स और उन चीजों से बनता जो हम खाना खाते हैं। इसमें से यूरिक एसिड का ज्यादातर हिस्सा किडनी फिल्टर के जरिए टॉयलेट के माध्यम से शरीर से बाहर निकल जाता है। लेकिन, यह एसिड शरीर से बाहर नहीं निकल पा रहा है, तो खून में इसका लेवल बढ़ जाता है। बाद में इससे गाउट की समस्या भी पैदा हो सकती है। इसके इलाज में घरेलू उपाय भी बहुत काम आते हैं, जिसमें से एक अदरक भी है। अदरक में कई ऐसे गुण होते हैं, जो इस समस्या को कंट्रोल करने में मदद करते हैं।*

**यूरिक एसिड बढ़ने के लक्षण**

यूरिक एसिड के बढ़ने के शुरूआती दौर में अक्सर लोगों को पता नहीं चल पाता है। इसलिए ज्यादातर लोगों को इस बात की जानकारी भी नहीं हो पाती है। लेकिन कुछ लक्षण हैं, जिन्हें देखकर आप पहचान सकते हैं कि आप में यूरिक एसिड बढ़ रहा है, जैसे कि जोड़ों में दर्द होना, उठने–बैठने में परेशानी होना, पैरों और उंगलियों में सूजन, जोड़ों में दर्द और पैरों और हाथों की उंगलियों में चुभन वाला दर्द होना आदि।





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**यूरिक एसिड को कंट्रोल करता है अदरक।**

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार चाय में इस्तेमाल होने वाली अदरक कई गुणों से भरपूर होता है। अदरक आयुर्वेदिक औषधि भी है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ है । इसका उपयोग कई बीमारियों के इलाज के लिए भी किया जाता है, जिसमें से एक यूरिक एसिड का इलाज भी है। अदरक बढ़े हुए यूरिक एसिड के लेवल को कंट्रोल करता है। इसमें मौजूद एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–ऑक्सीडेंट्स प्रॉपर्टीज बढ़े हुए यूरिक एसिड और उसके कारण होने वाली सूजन और दर्द को कम करता है।

**यूरिक एसिड मरीज इस तरह इस्तेमाल करें अदरक**

अदरक में अनेक औषधीय गुण होते हैं, जो आपके इम्यून सिस्टम को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट्स का भी अच्छा स्रोत है। बढ़े हुए यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए आप इसका कई तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इसे अदरक वाली चाय या काढ़ा के रूप में भी ले सकते हैं। आप अदरक के रस को शहद के साथ भी ले सकते हैं। इसके अलावा आप अदरक का लेप भी बनाकर लगा सकते हैं। इससे आपको दर्द वाली जगह में काफी आराम मिलेगा।

**अदरक का काढ़ा कैसे बनाएं**

अदरक का काढ़ा बनाने के लिए आप एक गिलास पानी में अदरक को कद्दूकस कर के डाल लें। उसके बाद 5 मिनट के लिए पानी को पका लें और फिर हल्का ठंडा कर के इसका सेवन करें। इससे आपको दर्द में भी काफी आराम होगा।

**गठिया के दर्द में भी आराम देता है अदरक**

अदरक में एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होता है, जो जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद करता है। दर्द की जगह इसका लेप बनाकर भी लगाया जा सकता है। इसका पेस्ट बनाने के लिए आप अदरक पीस लें और उसमें हल्दी को मिला लें। इसे दिन में दो बार लगाएं।




**कुलदीप ने इंग्लैंड के बैजबॉल की जमकर बैंड बजाइ**

बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के कुलदीप यादव ने चार मैच खेले, जिसमें उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के बैजबॉल की जमकर बैंड बजाई। कुलदीप ने चार टेस्ट में कुल 19 विकेट हासिल किए। इस दौरान चाइनामैन ने फाइव विकेट हॉल भी लिया। कई अहम मौकों पर उन्होंने बैटिंग में भी टीम की मदद की। बैटिंग करते हुए उन्होंने कुल 97 रन बनाए ।

## कप्तान रोहित ने चाइनामैन की दिल खोलकर तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट में रौंदकर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को 4–1 से अपने नाम किया। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम की टेस्ट सीरीज में शानदार जीत के हीरो कई खिलाड़ी रहे, लेकिन मैच के बाद बातचीत करते हुए कप्तान रोहित ने कुलदीप यादव की जमकर तारीफ की। कुलदीप ने इस सीरीज में गेंदबाजी में तो कमाल का प्रदर्शन किया, लेकिन उन्होंने बैट से जिस तरह से गिल के साथ मिलकर अहम समय में साझेदारी निभाई, उसने कप्तान रोहित का दिल जीत लिया। दरअसल, रोहित शर्मा ने कुलदीप यादव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं उसकी बल्लेबाजी के बारे में काफी आलोचनात्मक रहा हूं। वह वापस गए, अपने कोचों के साथ काम किया, इधर भी काम किया। मैं उसे हर बार गेंदबाजी करते हुए, वहां एक स्टंप लगाते हुए ही देखता हूं। फिर, जाहिर है, मैं उनकी बल्लेबाजी के बारे में बहुत आलोचनात्मक रहा हूं। मैं ही था जो उसे अच्छी बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित कर रहा था। जाओ और जो कुछ भी वह कर सकता है उस पर काम करो, क्योंकि जब आप 8 या 9 नंबर पर बैटिंग करते है तो स्कोर निश्चित रूप से बढ़ जाता है।

# मुशीर खान ने ठोका रणजी ट्रॉफी के फाइनल में तूफानी शतक

**क्रिकेट**

## सचिन के सामने ही तोड़ा डाला उनका 29 साल पुराना रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान ने रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में शानदार शतक जड़ दिया। मुशीर खान ने विदर्भ के खिलाफ तीसरे दिन के खेल के दौरान शतक जड़कर महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का 29 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया। बड़े भाई सरफराज खान के नक्शेकदम पर चलते हुए छोटे भाई मुशीर ने भी अपने नाम का डंका बजा दिया। उन्होंने 19 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी के फाइनल में तूफानी शतक ठोककर पूरी दुनिया को अपनी काबिलियत का नजारा पेश किया।

दरअसल, रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई का सामना विदर्भ टीम से हो रहा है, जिसमें मंगलवार को मुंबई टीम के सबसे युवा बैटर




मुशीर खान ने तूफानी शतक जड़कर इतिहास रच दिया। 255 गेंदों का सामना करते हुए मुशीर ने तूफानी शतक जड़ा और महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सरफराज के भाई मुशीर ने 19 साल और 14 दिन की उम्र में रणजी ट्रॉफी के फाइनल में शतक जमाया, जबकि तेंदुलकर ने 21 साल 10 महीने में यह कारनामा किया था। उस वक्त सचिन ने 1994–94 के रणजी सीजन में पंजाब के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था।

विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में मुंबई की टीम खिताब जीतने के करीब पहुंच गई है। मुंबई ने पहली पारी के आधार पर 119 रन की बढ़त हासिल की थी और इसके बाद दूसरी पारी में मुंबई टीम के बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। शुरुआत खराब होने के बाद मुशीर खान और कप्तान अंजिक्य ने टीम की पारी को संभाला। कप्तान रहाणे 73 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, श्रेयस अय्यर 111 गेंदों के सामना करते हुए 95 रन बनाकर आउट हुए। अभी मुशीर खान खबर लिखे जाने तक 129 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। मुंबई के पास 451 रन के पार की बढ़त हो चुकी है।

# गेंद से, बल्ले से, खेल के हर विभाग में भारत ने हमें दबाव में ला दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

धर्मशाला। भारत के खिलाफ अति आक्रामक रवैया काम नहीं आने के बाद इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि टीम की चर्चित 'बैजबॉल' शैली में कुछ बदलाव की जरूरत है। इंग्लैंड ने पांच मैचों की सीरीज का आगाज हैदराबाद में पहला टेस्ट जीतकर किया था। लेकिन भारत ने बाकी चारों टेस्ट जीतकर सीरीज 4 –1 से अपने नाम की।

मैकुलम ने ब्रिटिश मीडिया से कहा ,'जिस तरह से हमारी कमजोरियां इस सीरीज में उजागर हुई है , हमें गहन आत्ममंथन करना होगा और शैली में कुछ बदलाव करने होंगे।' उन्होंने कहा ,'भारतीय

■बैजबॉल पर ब्रेंडन मैकुलम का बयान

टीम ने हम पर दबाव बनाया और हम कमजोर साबित होते चले गए। गेंद से, बल्ले से , खेल के हर विभाग में उन्होंने हमें दबाव में ला दिया।' अति आक्रामक खेल के 'बैजबॉल' दौर में इंग्लैंड ने यह पहली सीरीज गंवाई है। बेन स्टोक्स और उनकी टीम पिछली तीन सीरीज में जीत दर्ज नहीं कर सकी है जिससे बैजबॉल पर सवाल उठने लगे हैं ।

मैकुलम ने कहा ,'अगले कुछ महीने में हम इस पर काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि अगले सत्र में जब मैदान पर लौटें तो इससे बेहतर प्रदर्शन हो। भारत ने हमें उस तरह से खेलने ही नहीं दिया, जैसा हम खेलना चाहते थे। हमें अपनी शैली की समीक्षा करके सुधार करना होगा ।'

ब्रेंडन मैकुलम कोच से पहले एक जबरदस्त क्रिकेटर रह चुके हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 101 टेस्ट, 260 वनडे और 71 टी20 मुकाबले खेले हैं। टेस्ट में मैकुलम ने 38 की औसत से 6453 रन बनाए हैं। वनडे में 30 की औसत से 6083 रन जबकि टी20 में 35 की औसत से 2140 रन ठोके हैं। मैकुलम को आईपीएल का भी अच्छा अनुभव है। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में कुल 109 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 131 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 2880 रन बनाए हैं। उनके नाम आईपीएल में 2 शतक और 13 अर्धशतक हैं।

## आईपीएल के शुरुआती दो मैच नहीं खेलेंगे सूर्या?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के शीर्ष टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टखने की सर्जरी के बाद बेंगलुरु की एनसीए में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के दौर से गुजर रहे हैं। लेकिन आईपीएल के आगामी सीजन में मुंबई इंडियंस के पहले दो मैचों के लिए उनकी उपलब्धता संदिग्ध है। मुंबई इंडियंस की टीम अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को पिछले साल के उपविजेता गुजरात टाइटंस के खिलाफ करेगी। आईसीसी रैंकिंग का यह शीर्ष टी20 बल्लेबाज खेल में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'सूर्यकुमार का रिहैबिलिटेशन सही रास्ते पर है और वह निश्चित रूप से आईपीएल के आगामी सत्र में वापसी करेंगे। यह हालांकि अभी भी स्पष्ट नहीं है कि एनसीए की 'स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम' गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद (27 मार्च) के खिलाफ पहले दो मैचों में खेलने के लिए मंजूरी देगी या नहीं।'

## न्यूज डायरी



## सचिन तेंदुलकर वानखेड़े स्टेडियम पर रणजी ट्रॉफी फाइनल मैच देखने पहुंचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर मंगलवार को मुंबई और विदर्भ के बीच रणजी ट्रॉफी फाइनल मैच देखने के लिए वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। तेंदुलकर के साथ स्टैंड्स में पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर और कोलकाता नाइटराइडर्स के हेड कोच चंद्रकांत पंडित भी नजर आए। इसके अलावा कुछ पूर्व खिलाड़ी भी तेंदुलकर के साथ बैठे हुए नजर आए। सचिन तेंदुलकर से पहले सुनील गावस्कर सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई टीम की हौसलाअफजाई करने पहुंचे थे। गावस्कर ने खड़े होकर अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान को बधाई दी थी, जिन्होंने बढ़िया साझेदारी करके मुंबई को खराब स्थिति से उबारा था। सचिन तेंदुलकर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वो चाय का आनंद उठाते हुए नजर आ रहे हैं। तब मुशीर खान का साथ निभाने के लिए श्रेयस अय्यर क्रीज पर मौजूद थे। याद दिला दें कि सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके जानकारी दी थी कि वो वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं सालगिरह के जश्न में शामिल होंगे, जिसका आयोजन फाइनल के बाद होगा। मुंबई की टीम सात साल का सूखा खत्म करके रणजी ट्रॉफी फाइनल जीतने के करीब पहुंच गई है। मुंबई ने पहली पारी के आधार पर 119 रन की बढ़त हासिल की थी और इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर उसने कुल 400 रन की बढ़त का आंकड़ा पार कर लिया है। मुशीर खान ने शतक ठोका।

## श्रेयस अय्यर का आलोचकों को मुंह तोड़ जवाब, बैटिंग से मचाई खलबली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी और स्टार टॉप ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले काफी समय से खराब लय में चल रहे थे। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती 2 टेस्ट में खेलने का मौका मिला था। हालांकि वह परफॉर्म नहीं कर पाए थे, जिसके बाद उन्हें ड्रॉप कर दिया था। अय्यर की बैटिंग को लेकर काफी चर्चा हो रही थी। उनकी बल्लेबाजी की भी आलोचना हो रही थी। हालांकि अब रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में अय्यर ने विदर्भ के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए दूसरी पारी में गजब बल्लेबाजी की। अय्यर ने तूफानी अर्धशतक ठोका। मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का फाइनल खेल रहे श्रेयस अय्यर ने दूसरी पारी में कमाल की बल्लेबाजी की। अय्यर सेट बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उनसे टीम को और फैंस को काफी उम्मीदें थीं, जिसपर वह खरे भी उतरे। अय्यर ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। इतना ही नहीं बल्कि अय्यर अब भी नाबाद हैं। वह 75 गेंदों का सामना कर 90 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 68 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। श्रेयस अय्यर ने अब तक अपनी पारी में 8 चौके और 2 छक्के भी लगाए हैं।

## फिक्सर–फिक्सर कह रहे थे फैंस तो मोहम्मद आमिर ने खोया आपा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान सुपर लीग 2024 का आयोजन इस वक्त पाकिस्तान में हो रहा है। पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर्स इस लीग में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे में पाक के पूर्व तेज तर्रार गेंदबाज मोहम्मद आमिर भी इस लीग का हिस्सा हैं। पीएसएल यानी पाकिस्तान सुपर लीग 2024 में आमिर क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए खेल रहे हैं। ऐसे में बीते रविवार को कराची में क्वेटा ग्लैडिएटर्स और लाहौर कलंदर्स के बीच पीएसएल 2024 का 28वां मैच खेला गया। इस मैच का मोहम्मद आमिर भी हिस्सा थे। वहीं अब मैच की एक वीडियो सामने आ रही है। उस वीडियो में मोहम्मद आमिर काफी ज्यादा गुस्से में लग रहे हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आई है। वो वीडियो क्वेटा ग्लैडिएटर्स और लाहौर कलंदर्स के मैच की है। उस वीडियो में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाड़ी शायद वापसी ड्रेसिंग रूम की ओर जा रहे होते हैं। फैंस और प्लेयर्स के बीच सिर्फ एक लोहे के कैंज होता। फैंस अपने–अपने खिलाड़ियों के लिए हूटिंग कर रहे। लेकिन जैसे ही मोहम्मद आमिर वहां से गुजरे तो कुछ फैंस ने फिक्सर–फिक्सर के नारे लगाना शुरू कर दिया। यह सुनकर आमिर का खून खौल गया। वह वापिस आए और उन्होंने फैंस को जमकर सुनाई। इतना ही नहीं बल्कि पाकिस्तानी क्रिकेटर ने अपशब्द का इस्तेमाल भी किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इधर से यह सब सीखकर आते हो।

पेज थ्री देहरादून
हमारा दून
देहरादून, बुधवार, 13 मार्च 2024


पंचायती वन निर्देशिका 2023 का विमोचन करते हुए सीएम धामी।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने हाउस ऑफ हिमालयाज के ई कॉमर्स पोर्टल का किया शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में हाउस ऑफ हिमालयाज के ई कॉमर्स पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने हाउस आफ हिमालय पर आधारित वीडियो एवं वेब पोर्टल का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इन्वेस्टर समिति के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाउस आफ हिमालयाज ब्रांड का शुभारंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों का एक ब्रांड है, जिसे हम सबने मिलकर देश के साथ पूरे विश्व में पहुंचाना है।

### राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 88 वीं विशेष बैठक का किया गया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 88 वीं विशेष बैठक का आयोजन देहरादून के स्थानीय होटल में किया गया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि हम सभी का ध्येय यही होना चाहिए कि सरकार की ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ जनता को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि बैंकिंग के क्षेत्र में उत्तराखंड में पहले की अपेक्षा में काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बैंक शाखाओं का खुलना दर्शाता है कि यह क्षेत्र खुशहाली की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले गरीब की चिंता की।

### छूटे आंदोलनकारियों को भी चिह्नित किया जाए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद् ने छूटे हुए राज्य आंदोलनकारियों को भी चिह्नित करने की मांग की है। परिषद् ने मंगलवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। संगठन के प्रवक्ता चिंतन सकलानी ने कहा कि परिषद् अपनी मांगों को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। सरकार की ओर से आंदोलनकारियों को बस आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया जा रहा। उन्होंने चिह्किरण खोलने, एक समान पेंशन और पेंशन पट्टा दिए जाने, 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने की भी मांग की।

### राज्य के विकास में महिलाओं की सबसे बड़ी भूमिका

**संवाददाता** देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 13 महिलाओं को महिला आयोग ने सम्मानित किया। इसके लिए आईआरडीटी आडिटोरियम सर्वे चौक में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य के निर्माण से लेकर विकास तक में महिलाओं की सबसे बड़ी भूमिका रही है।

# केंद्र सरकार के सहयोग से निरंतर आगे बढ़ रहा उत्तराखण्डः सीएम

**शुभारंभ**

■ प्रधानमंत्री ने लखनऊ–देहरादून के बीच नई वंदे भारत ट्रेन का किया शुभारंभ

■सीएम ने पीएम एवं रेलमंत्री का वंदे भारत ट्रेन की सौगात देने पर किया आभार व्यक्त

**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद से 85,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने लखनऊ–देहरादून के बीच नई वंदे भारत ट्रेन, उत्तराखंड के दो स्टेशनों ( काशीपुर, ऋषिकेश) पर जन औषधि केंद्र एवं उत्तराखंड के विभिन्न रेलवे स्टेशनो के "एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल' का वर्चुअल रुप से शुभारंभ किया। जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेलवे स्टेशन, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में भौतिक रूप से प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री का देहरादून–लखनऊ के बीच वंदे



भारत ट्रेन की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "वंदे भारत" ट्रेन, प्रधानमंत्री के प्रगतिशील और आत्मनिर्भर भारत के विजन का साक्षात उदाहरण है। आज देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। स्वदेश में निर्मित भारत की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन "वंदे भारत" उभरते हुए भारत की बुलंद तस्वीर को प्रदर्शित करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव है। केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उत्तराखंड में रेलवे के विस्तार हेतु 5,120 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छह स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी देवभूमि की हर मांग को पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एयर कनेक्टीविटी, रोपवे, सड़क, रेल, परिवहन पर निरंतर कार्य हो रहा है। देहरादून से अयोध्या, पंतनगर से वाराणसी के लिए वायुयान के संचालन की मांग पूरी हो गई है। टनकपुर से देहरादून के मध्य ट्रेन संचालन की मांग भी पूरी हो गई है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड में पहाड़ तक ट्रेन पहुंचाने का सपना सच होने जा रहा है। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन बनते ही दुर्गम पहाड़ों में ट्रेन के लिए गर्व की बात होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा वोकल फॉर लोकल पर आधारित 'एक जनपद दो उत्पाद' का संचालन प्रदेश के सभी 13 जनपदों में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज 'एक स्टेशन एक उत्पाद' रेलवे के द्वारा शुरू किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से स्थानीय कारीगरों, कुम्हार, बुनकरों और शिल्पकारों को आजीविका के अवसर प्रदान होंगे और प्रत्येक दुकान से कम से कम चार से पांच लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इसके साथ ही देवभूमि के दो स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ होने से यात्रियों को सस्ती दरों पर दवाएं मिल सकेंगी।

इस दौरान राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, सुनील उनियाल गामा, डीआरएम आर.के सिंह, संबंधित पदाधिकारी अधिकारी उपस्थित थे।

### योजनाओं को धरातल पर उतारने का किया जा रहा कार्य



केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है।

# 500 गांवों को बनाना है मॉडल वॉश विलेजः सीएस

**निर्देश**

■ सीएस ने संचालित सभी प्रोजेक्ट्स को जून तक पूर्ण करने की डेडलाइन दी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने वर्तमान में जल जीवन मिशन के तहत संचालित सभी प्रोजेक्ट्स को जून 2024 तक पूर्ण करने की डेडलाइन सम्बन्धित अधिकारियों को दी है। सीएस ने सभी 13 जिलों में शत् प्रतिशत एफएचटीसी (फंक्शनल हाउसहॉल्ड टप कनेक्शन) कवरेज पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेषरूप से स्कूलों में पेयजल, बेसिन के साथ ही



शौचालयों में जलापूर्ति के सौ फीसदी लक्ष्य को पूरा करने की डेडलाइन भी अधिकारियों को दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने देहरादून तथा टिहरी जनपदों में 500 गांवों को स्वच्छ सुजल ग्राम बनाने के पायलट प्रोजेक्ट पर तत्परता एवं गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत सहभागी स्प्रिंग शेड प्रबन्धन तथा जल आपूर्ति योजनाओं की दीर्घकालीन सत्तता के माध्यम से देहरादून एवं टिहरी जनपदों के 500 गांवों को मॉडल वॉश विलेज बनाना है। सीएस ने जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट्स की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग को भी टाइमबाउण्ड करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जल जीवन मिशन के कर्मचारियों के मूल्यांकन के आधार पर वेतन वृद्धि के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत जल जीवन मिशन की चतुर्थ शीर्ष समिति की बैठक सचिवालय में सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य में जल जीवन मिशन के अपडेट के बारे में बताया गया कि उत्तराखण्ड में एफएचटीसी कवरेज 92.75 प्रतिशत है। राज्य के पांच जिलों में एफएचटीसी कवरेज 99 प्रतिशत से अधिक है।

### मुख्यमंत्री ने किया पंचायती वन निर्देशिका 2023 का विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के प्रारम्भ से ही पंचायती वनों से वन तथा वनों के अधिकार वितरण में पंचायती वन नियमावली के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। राज्य सरकार द्वारा भी विभिन्न ऐसी योजनाओं का संचालन किया गया है जिससे कि वन पंचायतों से जुड़े स्थानीय ग्रामीणों को वन संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जागरूक करने के साथ ही विभिन्न आयपरक योजनाओं एवं उस क्षेत्र में ही लघु एवं कुटीर उद्योग से भी लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा इस वन पंचायत निर्देशिका के प्रकाशन से आम जनमानस को वन पंचायतों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होने के साथ–साथ पाठकों के लिए भी यह निर्देशिका अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।